# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (06.03.2025)**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.03.2025, PAGE-06**

## कॉलेजों को संबद्धता देने में सख्ती, कई पर संकट

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में प्रस्तावित कॉलेजों को संबद्धन देने में इसबार भी सख्ती बरती जायेगी। संबद्धन के लिए 72 कॉलेजों ने आवेदन किया था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने 10 टीमों का गठन किया था। सभी टीम ने लगभग जांच पूरी कर ली है। नौ मार्च को संबद्धता समिति की बैठक में इन कॉलेजों को संबद्धन देने पर चर्चा की जायेगी। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान कई कॉलेजों में भवन अधूरे मिले हैं तो कुछ के पास पांच एकड़ जमीन नहीं मिली है। ऐसे कॉलेजों को संबद्धता मिलने में संकट है। कुछ कॉलेजों में काफी अच्छी व्यवस्था पाई गई है। बिहार विश्वविद्यालय ने प्रमंडल के सभी जिलों में कॉलेजों के निरीक्षण के लिए टीम का गठन किया था। टीम ने अलग-अलग समय पर जाकर कॉलेजों का निरीक्षण किया। कुछ कॉलेज ऐसे भी थे, जिन्होंने जांच कराने से ही इनकार कर दिया। बिहार विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष भी कई कॉलेजों की जांच खुद कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की, जिसमें आधे से अधिक कॉलेजों को संबद्धन नहीं दिया गया। विवि प्रशासन ने संबद्धन कमेटी से लेकर सिंडिकेट की बैठक तक का शेड्यूल तय कर दिया है। नौ मार्च को संबद्धन कमेटी के साथ वित्त कमेटी की बैठक होगी। 12 मार्च को एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी। 20 और 22 मार्च को सिंडिकेट की बैठक होगी। हालांकि, 22 मार्च को बिहार दिवस की छुट्टी भी है। 27 मार्च को सीनेट की बैठक होगी।

**10** टीमों का विश्वविद्यालय ने कॉलेजों की जांच के लिए किया था गठन

- प्रस्तावित कॉलेजों की जांच कर ली गई पूरी
- निरीक्षण में कई कॉलेज के भवन मिले अधूरे



### 46 कॉलेजों ने एआईएसएचई को नहीं दिया ब्योरा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के 46 कॉलेजों ने ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन (एआईएसएचई) को अपना ब्योरा नहीं दिया है। बुधवार को कुलपति के निर्देश पर विकास अधिकारी डॉ. रमेश विश्वकर्मा ने ब्योरा नहीं देने वाले संबद्ध और तकनीकी कॉलेजों के साथ ऑनलाइन बैठक की। बैठक में 46 की जगह 32 कॉलेज ही जुड़े। बैठक में कुछ मेडिकल कॉलेजों ने कहा कि वह अब हेल्थ साइंस विवि में आ गये हैं, इसलिए अब वह वहां से अपना ब्योरा देंगे। डीओ ने बाकी कॉलेजों को जल्द से जल्द ब्योरा जमा करने का निर्देश दिया। ब्योरा नहीं देने पर कॉलेजों का एआईएसएचई कोड खत्म हो जायेगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:06.03.2025, PAGE-06**

## बिना फाइन के सात तक भर सकेंगे फॉर्म

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक के थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-27 का परीक्षा फॉर्म भरने की तारीख बुधवार को बढ़ा दी गई है। छात्र अब बिना लेट फाइन के सात मार्च तक और 500 रुपये लेट फाइन के साथ 10 से 12 मार्च तक फॉर्म भर सकेंगे। इस बार थर्ड सेमेस्टर में अपार आईडी के बिना छात्रों का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जाएगा। सभी छात्रों को अपना अपार आईडी बनवा लेने का निर्देश दिया गया है। अब तक 70 हजार छात्रों ने परीक्षा फॉर्म भर दिया है। एक लाख 11 हजार छात्रों को फॉर्म भरना है।

Ref:..................... Date:...........................

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 06.03.2025, PAGE-06

# पीजी की दूसरी मेधा सूची के आधार पर दाखिला शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि में बुधवार से पीजी की दूसरी मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थियों का दाखिला शुरू हो गया। हालांकि, पहले दिन पीजी विभाग और कॉलेजों में इक्के-दुक्के छात्र ही दाखिला लेने पहुंचे। दूसरी मेधा सूची में 3651 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। इसके आधार पर विद्यार्थी 10 मार्च तक दाखिला ले सकेंगे।

दूसरी सूची के बाद भी सीट खाली रह जाने पर तीसरी सूची जारी की जाएगी। पीजी में 11 हजार सीटों पर दाखिला होना है। पहली मेधा सूची में 10 हजार 885 छात्रों के नाम जारी किए गए थे। 6600 छात्रों ने दाखिला लिया था। सबसे ज्यादा दाखिला कॉमर्स और इतिहास विषय में हुआ था। पीजी में कई छात्रों ने विषय बदल कर दाखिले के लिए आवेदन किया है। इन छात्रों के दाखिले पर विवि अगली मेधा सूची में विचार कर सकता है। उधर, कुछ विभागों में दाखिले के नाम पर कुछ कर्मियों के द्वारा छात्रों से पैसे मांगने की भी शिकायत आ रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि कुछ लोग उनसे पैसे मांग रहे हैं। हालांकि, विवि से किसी ने लिखित शिकायत नहीं की है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 06.03.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय तैयार करेगा एकेडमिक कैलेंडर

- आडिट टीम की आपत्ति के बाद विश्वविद्यालय में शुरू हुई प्रक्रिया दो सत्र का नहीं भेजा गया
- स्नातक, पीजी से लेकर वोकेशनल कोर्स में प्रवेश, परीक्षा और परिणाम तक की तिथि होगी जारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नए सत्र के लिए एकेडमिक कैलेंडर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आडिट टीम की आपत्ति के बाद विश्वविद्यालय में जल्द ही सदस्यों की बैठक कर इसे अंतिम रूप दिए जाएगा। शैक्षणिक कैलेंडर तैयार कर इसे राजभवन और शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा। कैलेंडर में सत्र 2025 - 26 के तहत स्नातक, पीजी से लेकर वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा, नामांकन से लेकर परीक्षा और परिणाम तक की तिथि की जानकारी दी जाती है। इसी के अनुसार नए सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है। नए सत्र के लिए कैलेंडर तय नहीं होने से आडिट की टीम ने विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर आपत्ति जताई थी। बताया गया था कि पिछले दो शैक्षणिक सत्रों का एकेडमिक कैलेंडर तैयार कर उपलब्ध नहीं कराया गया है। बताया जा रहा है कि इसमें परीक्षा विभाग के स्तर से कार्रवाई होनी थी।

**चार विषयों में नहीं जारी हुई मेधा सूची :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए जारी दूसरी मेधा सूची में चार विषयों में एक भी विद्यार्थी का आवंटन नहीं किया गया है। इसमें दर्शनशास्त्र, इलेक्ट्रानिक्स, बांग्ला और पर्शियन शामिल है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि इन विषयों के लिए आवेदक नहीं बचे हैं। आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पहली मेधा सूची जारी कर दी गई है। इसके बाद चार विषयों में कोई भी आवेदक नहीं बचा है। इसमें काफी कम संख्या में आवेदकों ने आवेदन किया था। अब विश्वविद्यालय की ओर से जारी दूसरी मेधा सूची से नामांकन के बाद विभिन्न विषयों में खाली पड़ी सीटों पर नामांकन के लिए तिथि जारी होगी। इसमें नन प्रैक्टिकल विषयों में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें आवेदन में एडिट का विकल्प मिलेगा। इस आधार पर कई इतिहास, हिंदी समेत अन्य विषयों में नामांकन से वंचित छात्र मिलते- जुलते विषयों में सीट खाली रहने पर नामांकन करा सकेंगे। बताय जा रहा है कि अगले सप्ताह तीसरी मेधा सूची जारी होगी।

## पिछले वर्ष 68 परीक्षाओं का कार्यक्रम हुआ था जारी

शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए विश्विवद्यालय की ओर से पिछले वर्ष परीक्षा कैलेंडर जारी किया गया था। इसमें स्नातक, पीजी से लेकर वोकेशनल समेत कुल 66 परीक्षाओं के आयोजन और परिणाम की तिथि जारी की गई थी। शुरुआत में इसका पालन किया गया लेकिन कुछ ही महीने बाद परीक्षाओं के आयोजन में देरी होती गई। इस कारण पीजी से लेकर स्नातक का सत्र छह महीने से अधिक की देरी से चल रहा है। दिसंबर में होने वाली चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा मार्च मे प्रस्तावित है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:06.03.2025, PAGE-06

# पांच विषयों में पीजी विभाग की होगी स्थापना

## बीआरएबीयू में निरीक्षण के लिए समिति का गठन, जल्द सौंपी जाएगी रिपोर्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पांच विषयों में विश्वविद्यालय पीजी विभाग की स्थापना की पहल शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में संगीत, भोजपुरी, एजुकेशन, ला और समाजशास्त्र विषय में विश्वविद्यालय विभाग की स्थापना की जानी है। इन विभागों के भवन से लेकर स्थान की तलाश समेत अन्य प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए विश्वविद्यालय स्तर से पांच समिति का गठन किया गया है। समिति विभाग की स्थापना के लिए निरीक्षण करेगी। इस आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करेगी। बताया जा रहा है कि न्यू टीचिंग एंड एफलिएशन समिति की बैठक में समिति की रिपोर्ट को प्रस्तुत किया जाएगा।

इस आधार पर विभागों की स्थापना संबंधी प्रस्ताव को विभिन्न स्टैच्युटरी बाडी से पारित कराते हुए मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा। दूसरी ओर संगीत, समाजशास्त्र, भोजपुरी विभाग का संचालन कालेजों में हो रहा है। विश्वविद्यालय का संगीत विभाग एमडीडीएम कालेज में, भोजपुरी एलएस कालेज में और समाजशास्त्र नीतीश्वर कालेज में संचालित हो रहा है। इन्हें विश्वविद्यालय विभाग के तहत कैंपस में स्थापित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर इसकी स्थापना होगी।

**47 कालेजों ने नहीं भरा सर्वे के डाटा :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 47 कालेजों ने अब तक आल इंडिया सर्वे आफ हायर एजुकेशन के सर्वे के लिए डाटा नहीं भरा है। विभाग की ओर से ऐसे कालेजों की सूची जारी की गई है। इस आधार पर बुधवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में सभी कालेजों के प्राचार्यों के साथ आनलाइन मीटिंग हुई। इसमें कुलपति ने दो दिनों के भीतर सभी कालेजों को डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

हर वर्ष भारत सरकार की ओर से सभी विश्वविद्यालय और इसके तहत आने वाले कालेजों का डाटा मांगती है। इसमें शिक्षक और अन्य स्टाफ की संख्या, सीटों की संख्या, संचालित होने वाले कोर्स की जानकारी, लंबित और संपन्न परीक्षा की जानकारी, आधारभूत संरचना समेत अन्य बिंदुओं पर जानकारी मांगी जाती है। विश्वविद्यालय के तहत कुल 172 कालेज हैं। 28 फरवरी को ही डाटा उपलब्ध कराने की तिथि समाप्त हो गई थी। बाद में तिथि को दस दिनों तक बढ़ाया गया है। सभी कालेजों को डीसीएफ - टू यानी डाटा कैप्चर फार्मेट भरना होता है।

# बगैर विलंब शुल्क के कल तक भरा जाएगा फार्म

**500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 से 12 मार्च तक भर सकते फार्म**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तृतीय सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरने की तिथि विस्तारित कर दी है। अब विद्यार्थी बगैर विलंब शुल्क के शुक्रवार तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान की ओर से निर्देश जारी किया गया है। सभी अंगीभूत और संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ अब 10 मार्च से 12 मार्च तक परीक्षा फार्म भरा जाएगा। कालेज अपने स्तर से 13 मार्च तक यूएमआइएस पोर्टल पर परीक्षा प्रपत्र अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि करीब एक महीने से कालेजों में परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। कालेजों में पहले इंटर और फिर मैट्रिक परीक्षा केंद्र बनाए जाने के कारण फार्म भरने की प्रक्रिया प्रभावित हुई थी। दूसरी ओर अब भी सैकड़ों विद्यार्थियों का रिजल्ट पेंडिंग है। इस कारण उन्हें अब तक क्रेडिट की जानकारी नहीं हो पा रही है। तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा के लिए विद्यार्थी के पास 28 क्रेडिट होना अनिवार्य है। इसके बगैर छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हो सकते हैं। प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर कुल क्रेडिट की गणना की जाती है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 06.03.2025, PAGE-06

# सीनेट सदस्य के रूप में नामित होंगे छह रजिस्टर्ड ग्रेजुएट

- स्नातक उत्तीर्णता का पांच वर्ष पूरा करने वालों को किया जाएगा नामित
- विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर मिलेगी विस्तार से जानकारी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट सदस्य के रूप में छह रजिस्टर्ड ग्रेजुएट नामित होंगे। इसमें विश्वविद्यालय या इसके तहत आने वाले शिक्षकों के अलावा छह पंजीकृत स्नातक को शामिल किया जाएगा। स्नातक होने के बाद पांच वर्ष की अवधि पूरी कर चुके विद्यार्थी इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से आए आवेदनों को राजभवन भेजा जाएगा। कुलाधिपति की ओर रजिस्टर्ड ग्रेजुएट के रूप में छह सीनेट सदस्यों को नामित किया जाएगा। इसको लेकर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नामित किए जाने वाले ग्रेजुएट में एक अनुसूचित जाति से, एक अनुसूचित जनजाति से और एक अन्य पिछड़ा वर्ग से होंगे। इसको लेकर



विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है।

बताया गया है कि 31 दिसंबर 2024 तक स्नातक के बाद पांच वर्ष की अवधि पूरी कर ली है वे अपने आधार कार्ड के साथ-साथ अंकपत्र और अन्य दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रार कार्यालय में आवेदन करेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की साइट पर जानकारी भी दी गई है। 15 मार्च तक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कार्यालय में या तो हाथ से या स्पीड / पंजीकृत डाक से जमा किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि राभवन की ओर से रजिस्टर्ड ग्रेजुएट को तीन वर्ष के लिए नामित किया जाता है।

**नौ मार्च को वित और एफलिएशन समिति की बैठक :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नौ मार्च को दो बैठक होगी। वित्त समिति और न्यू टीचिंग एंड एफलिएशन कमिटी की बैठक प्रस्तावित है। वित्त समिति की बैठक में बजट तो एफलिएशन कमिटी में 72 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर फैसला होगा। इसके बाद एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी। दो सिंडिकेट की बैठक के बाद 27 मार्च को होगी। सीनेट की बैठक में ही सिंडिकेट के सदस्यों का चयन होगा। इसके लिए 11 मार्च के आसपास विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 06.03.2025, PAGE-04

### स्नातक : परीक्षा फॉर्म भरने की मियाद बढ़ी

**मुजफ्फरपुर.** चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तृतीय सेमेस्टर में परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी गयी है. बीआरएबीयू की गाइडलाइन के अनुसार अब विद्यार्थी बगैर विलंब शुल्क के शुक्रवार तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे. सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों से कहा गया कि 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ 10 मार्च से 12 मार्च तक परीक्षा फार्म भरा जायेगा. कॉलेज अपने स्तर से 13 मार्च तक यूएमआइएस पोर्टल पर परीक्षा प्रपत्र अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने निर्देश जारी किया है.

### नौ को एफिलिएशन और वित्त समिति की बैठक

**मुजफ्फरपुर** बीआरएबीयू में 9 मार्च को दो बैठक होगी. वित्त समिति और न्यू टीचिंग एंड एफलिएशन कमिटी की बैठक प्रस्तावित है. वित्त समिति की बैठक में बजट तो एफलिएशन कमिटी में 72 कालेजों के संबंधन प्रस्ताव पर फैसला होगा. इसके बाद एकेडमिक काउंसिल की बैठक होगी. दो सिंडिकेट की बैठक के बाद 27 मार्च को होगी.

### पीजी कोर्स में नामांकन के लिए तीसरी मेधा सूची भी होगी जारी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

पीजी कोर्स में दूसरी मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीसरी मेधा सूची जारी होगी. दूसरी ओर चार विषयों में अभ्यर्थियों की संख्या कम होने के कारण दूसरी मेधा सूची भी जारी नहीं हो सकी है. इसका कारण इन विषयों में आवेदक नहीं होना बताया गया है. ऐसे में तीसरी सूची जारी होने से पहले विश्वविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को विषय परिवर्तन की सुविधा मिलेगी.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:06.03.2025, PAGE-04

# नामांकन के बदले प्रतिपूर्ति राशि की डिमांड भेजेगा विवि

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू उच्च शिक्षा में सभी वर्ग की छात्राओं और एससी- एसटी वर्ग के छात्रों के नामांकन के बदले प्रतिपूर्ति राशि की डिमांड भेजेगा. इसको लेकर प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है. बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को उच्च शिक्षा में सभी वर्ग की छात्राएं और एससी- एसटी वर्ग के छात्रों से नामांकन शुल्क के बदले में राशि दिए जाने को लेकर डिमांड मांगा गया है.

पिछले सत्रों में भी विश्वविद्यालय की ओर से नामांकित विद्यार्थियों का रिकार्ड उपलब्ध कराया गया था, लेकिन अब भी विभाग के स्तर से राशि का इंतजार है. जल्द ही सत्रवार हुए नामांकन के अनुसार प्रतिपूर्ति राशि का ब्योरा उपलब्ध कराया जायेगा.

## कॉलेजों को डाटा भरने के लिए बस दो दिनों का समय

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के 47 कॉलेजों ने अब तक आल इंडिया सर्वे आफ हायर एजुकेशन के सर्वे के लिए डाटा नहीं भरा है. विवि में 172 कॉलेज हैं. 28 फरवरी को ही डाटा उपलब्ध कराने की तिथि समाप्त हो गयी थी. विभाग की ओर से ऐसे कॉलेजों की सूची जारी की गयी है.

इस आधार पर बुधवार को कुलपति प्रो डीसी राय की अध्यक्षता में सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ आनलाइन मीटिंग हुई. इसमें कुलपति ने 2 दिनों के भीतर सभी कॉलेजों को डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है. बाद में तिथि को दस दिनों तक बढ़ाया गया है.

## नये सत्र के लिए विवि में एकेडमिक कैलेंडर की प्रक्रिया हुई शुरू

**मुजफ्फरपुर** ब्रीआरए बिहार विश्वविद्यालय में नये सत्र के लिए एकेडमिक कैलेंडर तैयार करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. ऑडिट टीम की आपत्ति के बाद विश्वविद्यालय में जल्द ही सदस्यों की बैठक कर इसे अंतिम रूप दिया जायेगा. कैलेंडर में सत्र 2025 - 26 के तहत स्नातक, पीजी से लेकर वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा, नामांकन से लेकर परीक्षा और परिणाम तक की तिथि की जानकारी दी जाती है. इसी के अनुसार नये सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है. नये सत्र के लिए कैलेंडर तय नहीं होने से आडिट की टीम ने विश्वविद्यालय को पत्र भेजकर आपत्ति जतायी थी. शैक्षणिक कैलेंडर तैयार कर इसे राजभवन और शिक्षा विभाग को भेजा जाएगा.